साप्ताहिक वन लाइनर्स

15-21 अगस्त 2022

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

15-21 अगस्त 2022

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट तीसरे **सप्ताह** (15-21) अगस्त **2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने किस बैंक का विलय HDFC लिमिटेड के साथ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी ________ **HDFC बैंक।**

नोट:

- प्रस्तावित विलय के पहले चरण में HDFC लिमिटेड के साथ HDFC इन्वेस्टमेंट्स तथा HDFC होल्डिंग्स के विलय तथा बाद में HDFC लिमिटेड के HDFC बैंक में विलय की परिकल्पना की गई है।
- विलय के लाभ: व्यापार पैमाने में बढ़ोत्तरी, नई उत्पाद श्रृंखला, एक मजबूत बैलेंस शीट; असुरक्षित ऋण में कमी।
- HDFC लिमिटेड के अध्यक्ष: दीपक पारेख

2. कौन सी भुगतान समाधान प्रदाता कंपनी दुनिया की शीर्ष 100 निजी क्लाउड कंपनियों की रैंकिंग में 2022 फोर्ब्स क्लाउड 100 सूची में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी ___________ **रेजरपे।**

नोट:

- फोर्ब्स द्वारा बेसेमर वेंचर पार्टनर्स और सेल्सफोर्स वेंचर्स के साथ साझेदारी में रैंकिंग प्रकाशित की गई है।
- रेजरपे दूसरी बार सूची में शामिल हुई और फाइनेंशियल सॉल्यूशन सॉफ्टवेयर बनने के कारण 49वें स्थान पर है।
- सूची में स्ट्राइप (CEO: पैट्रिक कॉलिसन) शीर्ष पर है।

3. किस बैंक ने एक अनूठी सावधि जमा योजना "उत्सव जमा" शुरू की है __________ **SBI।**

नोट:

- इस सावधि जमा योजना में उच्च ब्याज दरें हैं तथा यह केवल सीमित समय के लिए उपलब्ध है।
- उत्सव सावधि जमा योजना के अंतर्गत, SBI 1000 दिनों की अवधि के सावधि जमा पर 6.10% वार्षिक ब्याज दर प्रदान कर रहा है।
- वरिष्ठ नागरिक नियमित दर से 0.50% अधिक की अतिरिक्त ब्याज दर के पात्र होंगे।

4. जुलाई महीने 2022 के लिए थोक मूल्य मुद्रास्फीति (WPI) _________ **13.93%।**

नोट:

- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, खाद्य वस्तुओं तथा विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में कमी के कारण WPI मुद्रास्फीति में गिरावट आई है।
- WPI मई 2022 में 15.88% के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर था और जुलाई 2021 में 11.57% पर था।

- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति भी जुलाई 2022 में घटकर 6.71% हो गई, जो पिछले महीने में 7.01 थी।

5. पेटीएम ने प्वाइंट ऑफ सेल डिवाइस नियोजित करके स्मार्ट भुगतान के साथ-साथ अपनी ऋण सेवा पेटीएम पोस्टपेड उपलब्ध कराने के लिए भारत में किस डिवाइस स्टोर के साथ साझेदारी की _________ **सैमसंग।**

नोट:

- पेटीएम अपनी पोस्टपेड सेवा के माध्यम से प्रति माह 60,000 रुपये तक की क्रेडिट सीमा प्रदान करेगा।
- यह ग्राहकों को 2 लाख रुपये तक के व्यक्तिगत ऋण प्राप्त करने का विकल्प भी देगा।

6. भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित पहला हैकथॉन _________ **बीमा मंथन 2022।**

नोट:

- विषय: Innovation in Insurance
- उद्देश्य: ऐसे समाधानों की पहचान करके उन्हें विकास करना जिनमें प्रत्येक व्यक्ति को बीमा उपलब्ध कराने की क्षमता हो।
- समस्यागत विषय-क्षेत्र: ऑटोमेटेड डेथ क्लेम निपटान, बीमा उत्पादों की गलत-बिक्री, बीमा-रहित मोटर वाहनों की पहचान, बीमा उत्पादों का वितरण, मोटर बीमा में धोखाधड़ी की रोकथाम।

7. किस बैंक ने ACC तथा सावधि जमा के तहत 75 सप्ताह (525 दिन) की अवधि के लिए एक नई सावधि जमा योजना अमृत समृद्धि शुरू की है, जो सीमित समय के लिए उपलब्ध होगी ________ **कर्नाटक बैंक।**

नोट:

- इस जमा योजना की ब्याज दर 6.10% वार्षिक है।
- नई योजना, KBL अमृत समृद्धि के साथ बैंक ने ग्राहकों को ब्याज दरों में वृद्धि का लाभ प्रदान किया है।

8. किस बैंक ने ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स (ONDC) को अपनाने के लिए सेलर ऐप (एक विक्रेता-केंद्रित इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की ________ **यस बैंक।**

नोट:

- यह साझेदारी उन्हें अपने डिजिटल वाणिज्य क्षेत्र का विस्तार करने में मदद करेगी।
- ONDC भारत सरकार की एक रणनीतिक पहल है जिसका उद्देश्य संपूर्ण डिजिटल वाणिज्य क्षेत्र का लोकतंत्रीकरण करना है।
- भारतीय ई-कॉमर्स बाजार में वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट तथा अमेजन जैसे ई-टेलर्स के विकल्प के रूप में भी नेटवर्क बनाया जा रहा है।

9. किस बैंक ने एक विशेष खुदरा सावधि जमा योजना 'बड़ौदा तिरंगा जमा योजना' शुरू की है, जो 444 दिनों के लिए 5.75% तथा 555 दिनों के लिए 6% की ब्याज दर प्रदान करती है __________ **बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB)।**

नोट:

- यह योजना 2 करोड़ से कम की खुदरा जमा के लिए है और 31 दिसंबर, 2022 तक लागू है।
- वरिष्ठ नागरिक 0.50% की अतिरिक्त ब्याज दर अर्जित करेंगे, जबकि गैर-प्रतिदेय जमाओं को 0.15% अतिरिक्त ब्याज दर मिलेगी।

10. इंडेल मनी लिमिटेड ने डिजिटल व्यक्तिगत ऋण प्रदान करने के लिए अपना मोबाइल ऐप तथा ई-पोर्टल लॉन्च किया है। इंडेल मनी लिमिटेड के CEO कौन हैं __________ **उमेश मोहनन।**

नोट:

- प्रारंभ में यह सेवा मौजूदा ग्राहकों को तीव्र ऋण संवितरण के साथ पूर्ण डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए पेश की जाएगी।
- व्यक्तिगत क्रेडिट स्कोर के आधार पर ब्याज दर 10-20% होगी।
- ऋण अदायगी अवधि 3-6 महीने के कोष्ठ में है।

11. भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने भारत में स्टार्ट-अप को आसान बनाने तथा उनके समर्थन के लिए कहां पर अपनी पहली "अत्याधुनिक" विशेष शाखा शुरू करने की घोषणा की________ **कोरमंगला, बेंगलोर।**

नोट:

- बेंगलुरू के बाद दूसरी तथा तीसरी शाखा क्रमश: गुरुग्राम तथा हैदराबाद में शुरू की जाएगी।
- शाखा ने कर्नाटक सरकार की पहल के साथ MOU भी किया है।

12. किस बैंक ने भारतीय खाद्य निगम (FCI) के सभी कर्मचारियों को विशेष लाभ एवं सुविधाओं के साथ "अल्टिमा सैलरी पैकेज" प्रदान करने के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किए ________ **एक्सिस बैंक।**

नोट:

- व्यक्तिगत दुर्घटना कवर: 20 लाख रुपये तक; अतिरिक्त शिक्षा अनुदान: 8 लाख रुपये तक
- कुल स्थायी विकलांगता कवर लाभ: 20 लाख रुपये तक; स्थायी आंशिक विकलांगता: 20 लाख रुपये तक
- 1 करोड़ रुपये का हवाई दुर्घटना कवर

13. बैंक की वित्त वर्ष 2022 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, अमिताभ चौधरी पिछले वित्तीय वर्ष में भारत में सर्वाधिक वेतन पाने वाले निजी बैंक के प्रमुख थे, जिन्होंने वार्षिक वेतन में कुल 7.62 करोड़ रुपये प्राप्त किए। वह किस बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं________ **एक्सिस बैंक।**

नोट:

- इसके बाद इंडसइंड बैंक के प्रमुख सुमंत कठपालिया हैं, जिन्होंने वित्त वर्ष 2022 में वार्षिक वेतन में 7.31 करोड़ रुपये प्राप्त किए।
- ICICI बैंक के MD संदीप बख्शी ने पिछले वित्त वर्ष में वार्षिक वेतन में 7.05 करोड़ रुपये प्राप्त किए।

14. लोगों के बीच सुरक्षित बैंकिंग आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किस बैंक ने नवीनतम अभियान 'विजिल आंटी' शुरू किया है ________ **HDFC बैंक।**

नोट:

- टेलीविजन पर 'लोला कुट्टी' का लोकप्रिय किरदार निभाने वाली अनुराधा मेनन 'विजिल आंटी' अभियान का चेहरा होंगी।
- यह अभियान बैंक के लोकप्रिय 'मुंह बंद रखो' अभियान के साथ चलेगा जो लोगों से अपनी गोपनीय बैंकिंग जानकारी दूसरों के साथ साझा न करने का आग्रह करता है।
- विजिल आंटी अभियान 4-6 सप्ताह तक चलेगा।

15. भारतीय रिजर्व बैंक ने किस बैंक के पास पर्याप्त पूंजी तथा उपार्जन संभावनाएं न होने के चलते बैंक का लाइसेंस रद्द किया ________ **डेक्कन अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक।**

नोट:

- बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 99 प्रतिशत से अधिक जमाकर्ता निक्षेप बीमा एवं प्रत्यय गारंटी निगम (DICGC) से अपनी पूरी जमा राशि प्राप्त करने के हकदार हैं।
- सहकारी बैंक ने 18 अगस्त की कार्य समाप्ति के बाद से बैंकिंग कार्य बंद कर दिया।

16. किस संगठन ने गुजरात के हजीरा में एक नया हरित हाइड्रोजन संयंत्र चालू किया ________ **लार्सन एंड टुब्रो।**

नोट:

- यह विकास कंपनी द्वारा हरित हाइड्रोजन के उत्पादन हेतु इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन तथा रीन्यू पावर के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर करने के 5 महीने बाद हुआ है।
- L&T तथा IOC ने विद्युत अपघटक के उत्पादन हेतु एक अलग संयुक्त उद्यम पर भी हस्ताक्षर किए थे।
- यह संयंत्र प्रतिदिन 45 किग्रा हरित हाइड्रोजन बनाएगा, जिसका उपयोग कंपनी के हजीरा निर्माण परिसर में सीमित उपभोग के लिए किया जाएगा।

17. किस बैंक ने उत्तरी केरल क्षेत्र के कोझिकोड में चेरूट्टी रोड में अपनी पहली सर्व-महिला शाखा खोली ________ **HDFC।**

नोट:

- चार महिला बैंकरों की शाखा का उद्घाटन नगर निगम महापौर बीना फिलिप ने किया।
- बैंक के अनुसार, 31 मार्च, 2022 तक, महिलाएं कुल जनबल की 21.7% (21,486) थीं।
- निजी ऋणदाता इसे 2025 तक बढ़ाकर 25% करना चाहता है।

श्रद्धांजलियां

1. अंशु जैन, जिनका हाल ही में निधन हो गया है, किस बैंक के पूर्व सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे_________ **ड्यूश बैंक।**

नोट:

- उन्होंने वॉल स्ट्रीट में अपना करियर शुरू किया तथा वित्तीय कंपनी मेरिल लिंच में भी काम किया।
- उन्हें 2009 में ड्यूश बैंक प्रबंधन बोर्ड में नियुक्त किया गया, जहां वे 2010 से कॉर्पोरेट तथा निवेश बैंक विभाग के लिए उत्तरदायी थे।
- वे 2012 में ड्यूश बैंक के Co-CEO बने।

2. लेखक, निकोलस इवांस का हाल ही में निधन हो गया। उनके प्रथम उपन्यास का नाम है_________ **द हॉर्स व्हिस्परर।**

नोट:

- 1995 में प्रकाशित उनका पहला उपन्यास, 'द हॉर्स व्हिस्परर', द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार 1995 के लिए अमेरिका में सर्वाधिक बिकने वाला उपन्यास था।
- पुस्तक को 1998 में एक फिल्म में परिवर्तित किया गया था।
- उनकी अन्य रचनाएं- "द लूप" (1998), "द स्मोक जम्पर" (2001), "द डिवाइड" (2005) और "द ब्रेव" (2010)।

3. अमिताभ चौधरी, जिनका निधन हो गया है, किस संगठन के पूर्व कार्यवाहक सचिव थे________ **BCCI।**

नोट:

- उन्होंने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (JSCA) के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।
- उन्होंने 2019 तक BCCI के कार्यवाहक सचिव के रूप में कार्य किया।
- वह एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ IPS अधिकारी थे, जो झारखंड पुलिस में IGP के पद तक पहुंचे और झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष थे।
- उन्होंने झारखंड क्रिकेट के लिए अवसंरचना विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

4. केरल के पहले आदिवासी उपन्यासकार तथा लघु कथाकार, नारायण का हाल ही में निधन हो गया। उनके पहले उपन्यास का नाम क्या है__________ **कोचारेठी।**

नोट:

- उनका जन्म 1940 में थोडुपुझा तालुका में कदयाथुर पहाड़ियों में मलायाराय समुदाय में हुआ था।
- 1998 में प्रकाशित उनका पहला उपन्यास, 'कोचारेठी', 1999 में केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया था।
- उपन्यास का अंग्रेजी, हिंदी तथा दक्षिण भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया गया।

5. समर 'बद्रू' बनर्जी, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस खेल में पूर्व भारतीय टीम के कप्तान थे _________ **फुटबॉल।**

नोट:

- टीम का नेतृत्व करते हुए वह 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में देश को ऐतिहासिक चौथे-स्थान तक ले गए।
- 'बद्रू दा' नाम से विख्यात, बनर्जी अल्जाइमर, एज़ोटेमिया तथा उच्च रक्तचाप संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे।
- मोहन बागान को अपने पहले डूरंड कप (1953), रोवर्स कप (1955) सहित कई ट्राफियों हेतु मार्गदर्शित करने के अलावा, बनर्जी ने खिलाड़ी के रूप में दो बार (1953, 1955) तथा कोच के रूप में एक बार (1962) संतोष ट्रॉफी जीती।

6. वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, सैयद सिब्ते रज़ी का निधन हो गया, वह किस राज्य के पूर्व राज्यपाल थे___________ **झारखंड और असम।**

नोट:

- वह वर्ष 2004-2009 तक झारखंड के राज्यपाल तथा 2009 में असम के राज्यपाल थे।
- उनका जन्म 7 मार्च 1939 को रायबरेली, उत्तर प्रदेश में हुआ था और 1969 में युवा कांग्रेस में शामिल हुए।
- उन्हें 1971-1973 में युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया।
- उन्हें तीन बार राज्यसभा के सदस्य के रूप में कार्य किया।

महत्वपूर्ण दिवस

1. सुंदर फोटोग्राफी कला की प्रशंसा में विश्व फोटोग्राफी दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ________ **19 अगस्त।**

नोट:

- विषय 2022: Pandemic Lockdown through the lens
- इस दिवस की शुरुआत 'देग्युरोटाइप' के आविष्कार के बाद हुई थी।
- देग्युरोटाइप एक फोटोग्राफिक प्रक्रिया है जो 1837 में फ्रांसीसी लुई डेगुएरे और जोसेफ निसेफोर निएप्स द्वारा विकसित की गई थी।
- 19 अगस्त, 1839 को फ्रांस सरकार ने देग्युरोटाइप के आविष्कार की घोषणा की।

2. आतंकवाद के पीड़ितों की याद में आतंकवाद पीड़ितों का अंतर्राष्ट्रीय स्मरण एवं श्रद्धांजलि दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ________ **21 अगस्त।**

नोट:

- आतंकवाद पीड़ितों का अंतर्राष्ट्रीय स्मरण एवं श्रद्धांजलि दिवस 2022 का विषय “स्मृतियां” (memories) है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र (UN) में उल्लेख किया गया है।

3. विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है_________ **21 अगस्त।**

नोट:

- इसे अमेरिका (यूएस) में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के रूप में भी जाना जाता है।
- विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस की जड़ें 19 अगस्त, 1988 को अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की उद्घोषणा से जुड़ी हैं।

4. वर्ष 1897 में मच्छरों और मलेरिया के संचरण के बीच संबंध खोजने वाले सर रोनाल्ड रॉस के सम्मान में विश्व मच्छर दिवस किस तारीख को मनाया जाता है __________ **20 अगस्त।**

नोट:

- उनकी खोज के अनुसार, यह मादा मच्छर हैं जो मनुष्यों में मलेरिया फैलाते हैं।
- इस दिवस का उद्देश्य मलेरिया के कारणों तथा इसे कैसे रोका जा सकता है, इस संबंध में जागरूकता बढ़ाना है।

5. भारत हर वर्ष अक्षय ऊर्जा दिवस या नवीकरणीय ऊर्जा दिवस किस तारीख को मनाता है__________ **20 अगस्त।**

नोट:

- इस दिवस का उद्देश्य भारत में अक्षय ऊर्जा के विकास तथा अंगीकरण के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- अक्षय ऊर्जा दिवस की स्थापना पहली बार 2004 में भारत में अक्षय ऊर्जा विकास कार्यक्रमों का समर्थन करने और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

6. भारत किस पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती की स्मृति में सद्भावना दिवस मनाता है__________ **राजीव गांधी।**

नोट:

- 20 अगस्त 2022 को राजीव गांधी की 78वीं जयंती के रूप में सद्भावना दिवस 2022 मनाया गया।
- 1992 में राजीव गांधी की मृत्यु के बाद कांग्रेस द्वारा सद्भावना दिवस की स्थापना की गई थी।

7. सभी विषमताओं के खिलाफ आपदाओं तथा संकटों के पीड़ितों की मदद करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले सभी सहायक एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सम्मान में विश्व मानवतावादी दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ___________ **19 अगस्त।**

नोट:

- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2022 का अभियान, "हजारों स्वयंसेवकों, पेशेवरों और संकट से प्रभावित लोगों पर प्रकाश डालता है जो तत्काल स्वास्थ्य सेवा, आश्रय, खाद्य पदार्थ, सुरक्षा, जल इत्यादि प्रदान करते हैं।"

नई नियुक्तियां

1. केंद्र सरकार ने IAS, शाह फैसल को किस मंत्रालय में उप सचिव नियुक्त किया _________ **पर्यटन मंत्रालय।**

नोट:

- वह तत्कालीन जम्मू और कश्मीर कैडर के 2010 बैच के IAS टॉपर हैं।
- उन्होंने जम्मू और कश्मीर प्रशासन में विभिन्न पदों पर कार्य किया।
- उन्होंने जनवरी 2019 में सेवाओं से इस्तीफा दे दिया था और राजनीति में शामिल हो गए, जो उन्होंने बाद में अगस्त 2020 में छोड़ दी थी।

2. संयुक्त राष्ट्र के महासचिव, एंटोनियो गुटेरेस ने यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) का नया कार्यकारी सचिव किन्हें नियुक्त किया ________ **साइमन स्टील।**

नोट:

- वह मेक्सिको के पेट्रीसिया एस्पिनोसा की जगह लेंगे।
- उत्तरदायित्व: अंतर्राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए देशों को सही दिशा में ले जाना।

3. केन्या का राष्ट्रपति किन्हें चुना गया ________ **विलियम रूटो।**

नोट:

- उन्होंने 50.49% मतों के साथ जीत हासिल की है, तथा अनुभवी विपक्षी नेता और पूर्व प्रधान मंत्री, रैला ओडिंगा (अपना पांचवां चुनाव लड़ रहे) को हराया।
- इस जीत के साथ, वह आजादी के बाद केन्या के पांचवें राष्ट्रपति बन गए।
- उनकी पार्टी, केन्या क्वांज़ा कोएलिशन, ने केन्या की सीनेट (संसद का उच्च सदन) में भी बहुमत हासिल किया।

4. वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB) ने NABARD के अध्यक्ष पद हेतु किस-की सिफारिश की _________ **मोहम्मद मुस्तफा।**

नोट:

- वे 1995 बैच, उप्र कैडर के IAS अधिकारी हैं और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर चुके हैं।
- उन्होंने वित्तीय सेवा विभाग में संयुक्त सचिव; NHB के CMD तथा CERSAI के MD के रूप में भी कार्य किया था।

5. लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, सात्विकसाईराज रणकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी ने भारत में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए किस वित्तीय सेवा कंपनी का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया _________ **मास्टरकार्ड।**

नोट:

- प्रमुख उद्देश्य: भारत में डिजिटल भुगतान की सुरक्षा तथा सुविधा के बारे में जागरूकता फैलाना।
- यह साझेदारी भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) तथा प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल इंडिया की दूरदर्शिता के प्रयासों को मजबूत करेगी।
- कंपनी ने 2021 में शिव कपूर तथा अनिर्बान लाहिड़ी को भी ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था।

6. बजाज इलेक्ट्रिकल्स का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किन्हें नियुक्त किया गया __________ **अनुज पोद्दार।**

नोट:

- कंपनी ने मजबूत नैगमिक शासन मानकों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के पद को पृथक किया है।
- शेखर बजाज कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष बने रहेंगे।
- वित्त वर्ष 2022 में बजाज इलेक्ट्रिकल्स का टर्नओवर 4,813 करोड़ रुपये था।

7. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अलकेश कुमार शर्मा को इंटरनेट शासन पर 10 प्रख्यात विशेषज्ञों के एक पैनल में नियुक्त किया। वह भारत के किस मंत्रालय में सचिव हैं__________ **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी।**

नोट:

➢ पैनल में अन्य सदस्य: विंट सर्फ, हैटम डोविदार, लिसे फ़ुहर, मारिया फ़र्नांडा गार्ज़ा, टूमस हेंड्रिक इल्वेस, मारिया रेसा, कैरोलीन एडस्टैडलर, ग्बेंगा सेसन, लैन ज़ू।
➢ एजेंडा: इंटरनेट के रणनीतिक तथा अत्यावश्यक मुद्दों से निपटना और समाधान प्रदान करना।

8. बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने भारतीय समाजसेवी, आशीष धवन को अपने बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में नियुक्त किया। वह किस कंपनी के संस्थापक तथा CEO हैं __________ **कन्वर्जेंस फाउंडेशन।**

नोट:

➢ फाउंडेशन ने अमेरिका के स्पेलमैन कॉलेज की प्रेसीडेंट डॉ. हेलेन डी. गेल को भी नियुक्त किया।
➢ धवन अशोका यूनिवर्सिटी और सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं।
➢ गेट्स फाउंडेशन स्वास्थ्य जैसे विभिन्न मुद्दों पर 2003 से भारत सरकार तथा अन्य सहयोगियों के साथ काम कर रहा है।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. किस कंपनी ने स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर पृथ्वी से लगभग 30 किमी ऊपर भारतीय ध्वज फहराया _________ **स्पेस किड्ज इंडिया।**

नोट:

➢ ध्वज को एक गुब्बारे पर ग्रह से 1 लाख 6 हजार फीट की ऊंचाई पर भेजा गया था जिसने इसे फहराया।
➢ स्पेस किड्ज इंडिया देश के लिए 'युवा वैज्ञानिक' तैयार कर रहा है।
➢ संगठन ने पृथ्वी की निचली कक्षा में एक उपग्रह प्रक्षेपित किया।
➢ AzadiSAT को स्वतंत्रता के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में भारत की 750 छात्राओं द्वारा बनाया गया था।

2. इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो (IISS) का कौन सा संस्करण 15-17 फरवरी, 2023 तक बिस्व बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में आयोजित किया जाएगा ________ **23वां।**

नोट:

➢ समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ (SEAI) के साथ मिलकर काम किया है।
➢ यह कार्यक्रम भारतीय निर्यातकों तथा भारतीय समुद्री उत्पादों के विदेशी आयातकों के बीच एक आदर्श अन्योन्यक्रिया मंच प्रदान करेगा।

3. इप्सोस इंडिया द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, कौन सा संस्थान देश का सबसे विश्वसनीय संस्थान है _________ **रक्षा बल।**

नोट:

➢ इसके बाद RBI, भारत के प्रधान मंत्री, भारत का सर्वोच्च न्यायालय है।
➢ भारत का सर्वोच्च न्यायालय चौथे स्थान पर, उसके बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो का स्थान है।
➢ रक्षा बलों पर हर तीन में से दो व्यक्ति (65% प्रतिक्रियादाता) ने विश्वास किया तथा इसके बाद हर दो में से एक व्यक्ति (50%) के साथ RBI का स्थान रहा।
➢ एक संस्था के रूप में भारत के प्रधानमंत्री 49% नागरिकों के विश्वास के साथ तीसरे स्थान पर थे।

4. किस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने ने एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म के लिए डिजीयात्रा ऐप का बीटा संस्करण लॉन्च करने की घोषणा की __________ **दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड।**

नोट:

- उद्देश्य: हवाई अड्डों पर यात्रियों को संपर्क रहित, निर्बाध प्रसंस्करण प्रदान करना।
- 'डिजियात्रा' फेशियल रिकग्नीशन टेक्नोलॉजी पर आधारित एक बायोमेट्रिक इनेबल्ड सीमलेस ट्रैवल (BEST) अनुभव है।
- भारत सरकार की इस अनूठी पहल का समन्वय नागर विमानन मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

5. खान मंत्रालय ने किस मास्टर प्लान के तहत मंत्रालय का एक व्यक्तिगत पोर्टल शुरू करने की घोषणा की ________**प्रधानमंत्री गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान।**

नोट:

- पोर्टल भारतीय खान ब्यूरो द्वारा बनाया जा रहा है।
- पोर्टल में दो डेटा लेयर होंगी, जिसमें पहली लेयर में खनिज रियायतों का स्थानिक डेटा होगा और दूसरी लेयर में खनिज नीलामी ब्लॉक होंगे।

6. कौन सा संगठन स्टील स्लैग का उपयोग करके अरुणाचल प्रदेश में प्रायोगिक परियोजना के आधार पर सड़क का निर्माण करेगा, जो भारी बारिश तथा प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों का सामना कर सकती है _________ **सीमा सड़क संगठन।**

नोट:

- यदि यह सफल हो जाता है, तो यह सामरिक क्षेत्रों में टिकाऊ सड़कों के निर्माण के लिए एक बड़ा समाधान बन सकता है।
- यह परियोजना गुजरात में एक बंदरगाह को जोड़ने वाली सड़क पर 100% स्टील स्लैग का उपयोग करने की सफलता के बाद शुरू की गई है, जो दीर्घकालीन है तथा कम लागत में बनाई गई है।

7. किस सैन्य बल ने यात्रियों को चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक अखिल भारतीय अभियान ऑपरेशन 'यात्री सुरक्षा' शुरू किया है__________ **रेलवे सुरक्षा बल (RPF)।**

नोट:

- यह अपराध को कम करने के लिए CCTV के माध्यम से निगरानी, सक्रिय अपराधियों की जांच, विभिन्न स्टेशनों पर एक व्यक्ति की उपस्थिति की सुविधा प्रदान करता है।
- जुलाई 2022 में यात्रियों को लूटने वाले अपराधियों के खिलाफ RPF ने एक महीने का अखिल भारतीय अभियान शुरू किया है।
- RPF ने 365 संदिग्धों को पकड़ा, जिन्हें कानूनी कार्यवाही के लिए संबंधित GRP को सौंप दिया गया।

8. मंत्रिमंडल ने 3 लाख रुपये तक के अल्पकालिक कृषि ऋण पर कितने प्रतिशत के ब्याज अनुदान को मंजूरी दी _________ **1.5%।**

नोट:

- ब्याज अनुदान सहायता में इस वृद्धि के लिए योजना के अंतर्गत 2022-23 से 2024-25 की अवधि के लिए 34,856 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजटीय उपबंध की आवश्यकता है।
- उद्देश्य: कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह की स्थिरता के साथ-साथ वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना।

9. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत किस राज्य में आयोजित हर घर जल उत्सव को वर्चुअली संबोधित किया __________ **गोवा।**

नोट:

- इस कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत शामिल होंगे।
- कार्यक्रम के दौरान पानी के बिलों के लिए QR कोड भुगतान प्रणाली भी शुरू की गई।
- देश में गोवा पहला राज्य, तथा दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव देश के पहले केंद्र शासित प्रदेश हैं, जिन्होंने 100% हर घर जल प्रमाणन हासिल किया है।

10. राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (NPFB) ने किस मंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में शासी निकाय की नौवीं बैठक आयोजित की _________ **पुरुषोत्तम रूपाला (मत्स्य पालन मंत्री)।**

नोट:

- इस दौरान, उन्होंने एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस फीचर - 'एक्वा बाजार' ऐप भी लॉन्च किया।
- ऐप मत्स्य किसानों तथा हितधारकों को मत्स्य पालन के लिए आवश्यक निविष्टि स्रोत जैसे मत्स्य डिम्भ, चारा तथा दवाओं में मदद करेगा।
- उन्होंने सुपर सक्सेस स्टोरीज़ फ्रॉम इंडियन फिशरीज़ पर एक पुस्तक का विमोचन किया।

11. नागर विमानन मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम क्षेत्रीय संपर्क योजना UDAN (उड़े देश का आम नागरिक) ने सफलता के कितने वर्ष पूरे किए _______ **5 वर्ष।**

नोट:

- उद्देश्य: टियर II तथा टियर III शहरों में एक उन्नत विमानन अवसंरचना और हवाई संपर्क।
- 2014 में, 74 हवाईअड्डे परिचालन में थे, लेकिन UDAN योजना के शुरू होने के बाद यह संख्या अब तक बढ़कर 141 हो गई है।
- योजना के तहत 4 अगस्त 2022 तक 1 करोड़ से अधिक यात्री लाभान्वित हो चुके हैं।

12. भारत की पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर वातानुकूलित बस का नाम, जिसका अनावरण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने मुंबई में किया _________ **'Switch EiV 22'।**

नोट:

- इलेक्ट्रिक बस को अशोक लीलैंड की इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी, स्विच मोबिलिटी द्वारा भारत में डिजाइन, विकसित तथा निर्मित किया गया था।
- डबल डेकर बस हल्के एल्युमीनियम से बनी है जो उच्च यात्री तथा वजन अनुपात और प्रति यात्री प्रति किमी प्रतिस्पर्धी मूल्य प्रदान करती है।

13. बुजुर्गों को संगति सेवाएं प्रदान करने वाला एक सीनियर कंपेनियनशिप स्टार्टअप 'गुडफेलो' किसने लॉन्च किया ________ **रतन टाटा।**

नोट:

- स्टार्टअप को बुजुर्गों को युवा स्नातकों के साथ जोड़कर सार्थक मित्रता बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।
- कंपनी एक फ्रीमियम सब्सक्रिप्शन मॉडल पेश करती है जिसमें वास्तविक पूर्ण सेवा प्रदान किए बिना पहला महीना केवल अवधारणा को समझने के लिए नि:शुल्क है।
- दूसरे महीने के लिए, उपयोगकर्ता को मामूली सदस्यता शुल्क देना होगा।

14. 17वां प्रवासी भारतीय दिवस 2023 किस शहर में आयोजित किया जाएगा _______ **इंदौर।**

नोट:

- दूतावास, पासपोर्ट एवं वीजा संभाग के सचिव औसाफ सईद और मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने प्रवासी भारतीय दिवस की मेजबानी के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किए।

- भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों के योगदान के मद्देनजर हर वर्ष 9 जनवरी को PBD मनाया जाता है।

15. भारत का पहला डेटाबेस, NIDAAN देश में नशा-रोधी कानूनों को लागू करने हेतु कार्यरत विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य अभियोजन एजेंसियों के उपयोग के लिए शुरू किया गया। NIDAAN का पूरा नाम क्या है ________ **नेशनल इंटीग्रेटेड डेटाबेस ऑन अरेस्टेड नार्को-ऑफेंडर्स।**

नोट:

- विकासक: नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB)।
- यह प्लेटफॉर्म ICJS (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और ई-प्रिज़न (क्लाउड-आधारित एप्लिकेशन) रिपॉजिटरी से अपना डेटा प्राप्त करेगा।
- यह नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन मैकेनिज्म (NCORD) का एक भाग है।

16. आंध्र प्रदेश के भीमिली के पास INS कलिंग के परिसर में, नौसेना में सभी प्राथमिक तथा द्वितीयक हथियारों के लिए अपनी तरह की पहली फायरिंग रेंज, कम्पोजिट इंडोर शूटिंग रेंज (CISR) का उद्घाटन किसने किया________ **वाइस एडमिरल, बिस्वजीत दासगुप्ता।**

नोट:

- CISR नौसेना में सभी प्राथमिक तथा द्वितीयक हथियारों के लिए एक स्वत:पूर्ण, 25 मीटर, छह लेन, लाइव फायरिंग रेंज है।
- रेंज एक भारतीय फर्म द्वारा समकालीन अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ स्थापित की गई है।

17. रायपुर जिले में क्षेत्रीय परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए किस संस्थान ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए _______ **केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (CPRI)।**

नोट:

- नवा रायपुर अतर नगर के सेक्टर-30 में 10 एकड़ क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षण इकाई स्थापित की जायेगी।
- परीक्षण सुविधाएं: ट्रांसफार्मर, ऊर्जा मीटर, ट्रांसफार्मर का तेल, स्विच फ्यूज यूनिट तथा बिजली से संबंधित अन्य उपकरण।
- बिजली कंपनियों को उपकरणों के परीक्षण में 20% की छूट मिलेगी।

18. किस ई-कॉमर्स संगठन ने किसान उत्पादक संगठनों (FPO) और स्वयं सहायता समूहों (SHG) को बाजारों तक पहुंच प्रदान करने के लिए भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान (IIMR) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए ________ **फ्लिपकार्ट।**

नोट:

- साझेदारी में, फ्लिपकार्ट का लक्ष्य 400 मिलियन से अधिक ग्राहकों को अखिल भारतीय बाजार पहुंच प्रदान करके स्थानीय कृषक समुदायों तथा SHG को सशक्त बनाना है।
- ICAR-IIMR साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अवसंरचना एवं आवश्यक अनुमोदन के साथ समर्थन प्रदान करेगा।

19. किस देश के मौसम विभाग ने जलवायु परिवर्तन पर जापान तथा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के साथ साझेदारी की _______ **भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD)।**

नोट:

- उद्देश्य: भारत में 10 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में जलवायु संबंधी कार्यवाही में तेजी लाना।

- 10 राज्य: बिहार, दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, सिक्किम, उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश
- UNDP इंडिया को IMD-UNDP परियोजना के लिए जापान से 5.16 मिलियन डॉलर का जलवायु अनुदान मिला है।

20. नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (NSS) सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया _________ **अमित शाह (गृह मंत्री)।**

नोट:

- उद्देश्य: राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र के सभी पहलुओं को मजबूत करके राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- सम्मेलन के दौरान, उन्होंने नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (NAFIS) का भी उद्घाटन किया, जिसे NCRB द्वारा विकसित किया गया था।
- NAFIS केंद्रीकृत फिंगर प्रिंट डेटाबेस की मदद से मामलों के त्वरित एवं सहज निपटान में मदद करेगा।

21. 20 से 26 अगस्त तक कनाडा के हैलिफ़ैक्स में आयोजित होने वाले 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कौन करेगा _________ **ओम बिरला।**

नोट:

- सम्मेलन में भारत में राज्य विधानसभाओं के 23 पीठासीन अधिकारी तथा 16 सचिव भी शामिल होंगे जो CPA के सदस्य भी हैं।
- ओम बिरला "ए पीपल्स पार्लियामेंट: एक्सेसिबिलिटी थ्रू इनोवेशन" नामक कार्यशाला 'C' में दल के सदस्य के रूप में भाग लेंगे।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. गृह मंत्रालय ने किस केंद्र शासित प्रदेश में विलेज डिफेंस गार्ड स्कीम 2022 को मंजूरी दी________ **जम्मू और कश्मीर।**

नोट:

- यह योजना 15 अगस्त, 2022 से प्रभावी हो गई है।
- पहले इस योजना को विलेज डिफेंस कमेटी के नाम से जाना जाता था जिसमें भारतीय सेना तथा पुलिस द्वारा गांवों के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाता था।
- इस योजना के अंतर्गत, VDC को जम्मू क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में अपने गांवों को आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए राइफलें प्रदान की गईं।

2. किस राज्य ने महिलाओं के लिए दो कल्याणकारी योजनाएं - 'आमा योजना' तथा 'वात्सल्य योजना' शुरू की हैं _________ **सिक्किम।**

नोट:

- आमा योजना: राज्य की सभी बेरोजगार माताओं को प्रतिवर्ष 20,000 रुपये मिलेंगे।
- राशि उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी।
- वात्सल्य योजना: निःसंतान महिलाओं को 'इन विट्रो फर्टिलाइजेशन' उपचार के लिए 3 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।
- राशि दो चरणों में दी जाएगी (पहले चरण में 1 लाख रुपये तथा अंतिम चरण में दो लाख रुपये)।

3. उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने कुकरैल वन क्षेत्र में भारत की पहली नाइट सफारी के प्रस्ताव को मंजूरी दी, यह कहां स्थित है ________ **लखनऊ।**

   नोट:

   - इसे सिंगापुर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।
   - परियोजना के एक भाग के रूप में, सरकार 2,027 हेक्टेयर के सघन वन को छेड़े बिना लगभग 150 एकड़ में एक प्राणी उद्यान तथा 350 एकड़ में नाइट सफारी बनाएगी।
   - कुकरैल की 75 एकड़ भूमि तेंदुए तथा बाघ में से प्रत्येक के लिए जबकि 60 एकड़ जंगली भालू के लिए होगी।

4. भारत को दुनिया का शीर्ष देश बनाने के लिए किसने 'मेक इंडिया नंबर 1' मिशन शुरू किया _________ **दिल्ली के मुख्यमंत्री, अरविंद केजरीवाल।**

   नोट:

   - इस पहल के पांच सूत्रीय दृष्टिकोण: नि:शुल्क शिक्षा; नि:शुल्क उपचार; युवाओं को रोजगार; महिलाओं के लिए समान अधिकार, सम्मान एवं सुरक्षा; और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य।
   - इस मिशन को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में लॉन्च किया गया था।
   - उन्होंने प्रत्येक नागरिक से मिशन में शामिल होने तथा भारत को दुनिया का अग्रणी देश बनाने का आग्रह किया।

5. किस राज्य सरकार ने माल एवं सेवा कर (GST) चोरी पर अंकुश लगाने के लिए एक ऐप 'लकी बिल ऐप' लॉन्च किया __________ **केरल।**

   नोट:

   - ऐप को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा लॉन्च किया गया।
   - उद्देश्य: नागरिकों को हर बार खरीदारी करने पर बिल मांगने के लिए प्रोत्साहित करना।
   - उपयोगकर्ताओं को 25 लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार जीतने के लिए अपनी खरीदारी के मूल बिल अपलोड करने होंगे।
   - ऐप कुदुम्बश्री और वनश्री के गिफ्ट पैक के साथ-साथ KTDC टूर पैकेज जैसे रिवॉर्ड भी प्रदान करेगा।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. किस संगठन ने ग्लोबल एम्प्लॉयमेंट ट्रेंड्स फॉर यूथ 2022 रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया है कि 15 - 24 वर्ष के बच्चों की बेरोजगारी दर 15.6% है __________ **इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन (ILO)।**

   नोट:

   - रिपोर्ट "कोविड -19 संकट से मानव-केंद्रित पुनरुत्थान" के लिए कार्यवाही हेतु वैश्विक आह्वान का एक भाग है, जिसे जून 2021 में ILO द्वारा अंगीकृत किया गया था।
   - वर्ष 2022 में, 40.3% युवा पुरुषों की तुलना में वैश्विक स्तर पर 27.4% युवा महिलाएं नियोजित हैं।

2. किस देश के प्राधिकरण ने ओमिक्रॉन वेरिएंट के अनुकूल एक कोविड-19 वैक्सीन को अधिकृत किया है, जो मॉडर्ना के टू-स्ट्रेन शॉट का उपयोग करके एक ऑटम बूस्टर अभियान के लिए मंच तैयार करता है ________ **मेडिसिन्स एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी अथॉरिटी, यूके।**

   नोट:

- इसने वैक्सीन को सशर्त अनुज्ञप्ति प्रदान की है, जो वायरस के मूल स्ट्रेन तथा ओमिक्रॉन BA.1 दोनों को निशाना बनाती है।
- इससे यूके मूल कोविड-19 वैक्सीन को मंजूरी देने वाला दुनिया का पहला देश बन गया।

3. फोर्ब्स एशिया द्वारा एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ 200 मध्यम आकार की कंपनियों की "बेस्ट अंडर ए बिलियन" रिपोर्ट में भारत की रैंक_______ **चौथी।**

नोट:

- ताइवान की सर्वाधिक कंपनियां (30) सूचीबद्ध हैं, इसके बाद जापान (29) और दक्षिण कोरिया (27) हैं।
- चीन 22 फर्मों के साथ सूची में 5वें स्थान पर है।

4. ग्लासगो के संग्रहालयों द्वारा उत्तर प्रदेश के एक हिंदू मंदिर से चुराई गई शिला द्वार चौखट सहित कितनी कलाकृतियां भारत में स्थानांतरित की गईं _________ **सात।**

नोट:

- यह स्कॉटलैंड द्वारा एकल संग्रह से वस्तुओं के "अब तक के सबसे बड़े" प्रत्यावर्तन का एक भाग है।
- नगर संग्रहालयों का संचालन करने वाले एक धर्मार्थ संगठन ग्लासगो लाइफ ने इस वर्ष की शुरुआत में हस्तांतरण की पुष्टि की थी तथा व्यवस्था को औपचारिक रूप दिया गया था।
- 7 पुरावशेषों में एक आनुष्ठानिक हिंद-फारसी तलवार भी है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. दक्षिण लंदन स्थित किसके आवास को एक स्मरणीय 'ब्लू प्लैक' से सम्मानित किया गया _________ **दादाभाई नौरोजी।**

नोट:

- लाल ईंटों के आवास में अब एक पट्टिका लगी है जिसमें: "Dadabhai Naoroji 1825-1917 Indian Nationalist and MP lived here" लिखा है।
- उनका जन्म मुंबई में हुआ था, जिन्हें "ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया" के नाम से जाना जाता है।
- ब्लू प्लैक योजना इंग्लिश हेरिटेज चैरिटी द्वारा संचालित है तथा पूरे लंदन में विशेष इमारतों के ऐतिहासिक महत्व का सम्मान करती है।

2. फिल्म '83' के लिए इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2022 का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार किसने जीता ________ **रणवीर सिंह।**

नोट:

- शेफाली शाह (जलसा) को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया।
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म: 83
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: शूजित सिरकार (सरदार उधम) और अपर्णा सेन (द रेपिस्ट)
- सर्वश्रेष्ठ सीरीज: मुंबई डायरीज 26/11
- सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: मोहित रैना (मुंबई डायरीज 26/11)
- सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: साक्षी तंवर (माई)
- आजीवन उपलब्धि पुरस्कार: कपिल देव

3. स्वतंत्रता दिवस, 2022 के अवसर पर कितने पुलिस कर्मियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया_________**1082।**

नोट:

- 347 कर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक, 87 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।
- 648 कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।
- 109 CRPF कर्मियों तथा 108 जम्मू-कश्मीर पुलिस कर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।
- 38 कर्मियों ने सराहनीय सेवा के लिए सुधार सेवा पदक प्राप्त किया।

खेल समाचार

1. पहले महिला IPL का आयोजन किस वर्ष किया जाएगा_________ **मार्च 2023।**

नोट:

- यह एक महीने की अवधि में आयोजित किया जाएगा तथा इसमें पांच टीम होने की पूरी संभावना है।
- BCCI अधिकारियों ने यह भी कहा है कि दक्षिण अफ्रीका में महिला T20 विश्व कप के बाद टूर्नामेंट के लिए मार्च महीना मिला है।

2. कौन सा राज्य 30 अक्टूबर से 6 नवंबर तक नॉर्थ ईस्ट ओलंपिक के आगामी दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगा _________ **शिलांग, मेघालय।**

नोट:

- खेलों का प्रथम संस्करण 2018 में मणिपुर में 12 खेल वर्ग के साथ आयोजित किया गया था।
- खेलों का यह संस्करण विशेष होगा क्योंकि मेघालय अपना 50वां स्थापना दिवस मना रहा है।
- इस संस्करण में, आठ पूर्वोत्तर राज्यों के लगभग 4,000 प्रतिभागी शिलांग के 13 स्थानों पर 18 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

3. वैश्विक फुटबॉल शासी संस्था फीफा ने किस देश के फुटबॉल संघ को तृतीय पक्ष के अनुचित प्रभाव के कारण निलंबित कर दिया _______ **भारत।**

नोट:

- प्रभाव: भारत में होने वाला फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022, योजना के अनुसार अब भारत में आयोजित नहीं किया जा सकता है।
- AIFF कार्यकारी समिति की शक्तियां ग्रहण करने के लिए एक प्रशासक समिति गठित करने के आदेश के निरस्त होने के बाद निलंबन हटा लिया जाएगा।

4. दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) के दैनिक कार्य-संचालन हेतु 3 सदस्यीय प्रशासक समिति (CoA) के गठन का आदेश पारित किया। समिति में शामिल होंगे __________ **अभिनव बिंद्रा (निशानेबाज), अंजू बॉबी जॉर्ज (पूर्व लंबीकूद खिलाड़ी) और एल. बॉम्बेला देवी (तीरंदाज)।**

नोट:

- कार्यसूची: खेल संहिता तथा न्यायालय के फैसलों के अनुसार IOA का नया संविधान तैयार करना और नए चुनाव कराने के लिए मतदाता सूची तैयार करना।

5. कौन सा शहर 5 से 11 सितंबर तक FIBA U-18 महिला एशियाई बास्केटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा ________ **बेंगलुरु।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता श्रीकांतीरावा इंडोर स्टेडियम तथा कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।
- जुलाई 2023 में स्पेन में होने वाली FIBA विश्व चैंपियनशिप हेतु क्वालीफाई करने के लिए डिवीजन A टीम चैंपियनशिप में डिवीजन B टीम के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।

6. UEFA महिला चैंपियंस लीग में खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर ________ **मनीषा कल्याण।**

नोट:

- उन्होंने एंगोमी, साइप्रस में यूरोपीय क्लब प्रतियोगिता में अपोलॉन लेडीज़ एफसी की ओर से पदार्पण किया।
- वह मकारियो स्टेडियम में 60वें मिनट में साइप्रस की मारिलेना जॉर्जियो की स्थानापन्न खिलाड़ी बनीं।
- उन्हें हाल ही में 2021-22 सत्र के लिए AIFF महिला फुटबॉलर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया था।
- कल्याण किसी विदेशी क्लब के लिए करार करने वाली गोकुलम केरला एफसी की दूसरी खिलाड़ी हैं।

7. सोफिया, बुल्गारिया में अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान __________ **पहलवान अंतिम पंघाल।**

नोट:

- उन्होंने 53 किग्रा वर्ग में कजाकिस्तान की एटलिन शागायेवा को हराया।
- वह हरियाणा के हिसार जिले के भगाना गांव से हैं।
- दो बार की U-17 विश्व चैंपियन, सोनम मलिक को 62 किग्रा वर्ग के फाइनल में नोनोका ओजाकी से हारने के बाद रजत प्राप्त हुआ।
- 65 किग्रा वर्ग में प्रियंका ने रजत पदक जीता था।

8. पैरालंपिक पदक विजेता सुमित अंतिल ने बेंगलुरु स्थित श्री कन्तीरावा स्टेडियम में चौथी इंडियन ओपन नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में किस खेल में नए विश्व रिकॉर्ड बनाए ________ **भाला फेंक।**

नोट:

- चक्का फेंक खिलाड़ी, योगेश कथुनिया ने भी नए विश्व रिकॉर्ड बनाए।
- योगेश कथुनिया ने चक्का फेंक (डिस्कस थ्रो) में 48.34 मीटर का रिकॉर्ड बनाया है।
- सुमित अंतिल ने टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में पुरुषों के भाला फेंक F64/44 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता था।

पुस्तकें एवं लेखक

1. "बीबी: माई स्टोरी" इजराइल के किस पूर्व प्रधान मंत्री की आत्मकथा है________ **बेंजामिन नेतन्याहू।**

नोट:

- अंग्रेजी अनुवाद अमेरिकी प्रकाशक साइमन एंड शूस्टर द्वारा विमोचित किया जाएगा जबकि हिब्रू संस्करण शिबोलेट लाइब्रेरी द्वारा विमोचित किया जाएगा।
- वह इज़राइल के इतिहास में दीर्घकाल तक सेवा करने वाले नेता हैं (1996-1999; 2019 -2021)।
- वह वर्तमान में नेशनल लिबरल मूवमेंट (लिकुड पार्टी) के अध्यक्ष हैं।

विज्ञान एवं रक्षा

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई हथियार प्रणालियां - F-INSAS, निपुण माइंस, LCA भारतीय सेना को सौंपीं। F-INSAS का पूरा नाम क्या है _________ **फ्यूचर इन्फैंट्री सोल्जर एज़ ए सिस्टम।**

   नोट:
   - F-INSAS) को सैनिकों को एक स्वत:पूर्ण लड़ाकू मशीन में बदलने के लिए बनाया गया है।
   - निपुण माइंस: यह दुश्मन की पैदल सेना या टैंकों या आतंकवादी घुसपैठ के प्रयासों के विरुद्ध प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में कार्य करेगी।
   - लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट (LCA): यह सैन्यबलों को अधिक कुशलता से संघटित करने में सेना की मदद करता है।

2. भारतीय सेना तथा चीनी सेना किस देश में आयोजित होने वाले वोस्तोक 2022 सैन्य अभ्यास में भाग लेंगी _________ **रूस।**

   नोट:
   - अन्य सहभागी: बेलारूस, मंगोलिया तथा ताजिकिस्तान।
   - सामरिक कमान तथा स्टाफ अभ्यास रूस के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ वालेरी गेरासिमोव की निगरानी में ईस्टर्न मिलेट्री डिस्ट्रिक्ट के 13 प्रशिक्षण मैदानों में आयोजित किया जाएगा।
   - वर्ष 2021 में, भारत ने रूस में ZAPAD 2021 अभ्यास में भाग लिया था जिसमें चीन तथा पाकिस्तान सहित 17 देश शामिल हुए थे।

3. भारत तथा वियतनाम के बीच द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास VINBAX 2022 का कौन सा संस्करण चंडीमंदिर, हरियाणा में संपन्न हुआ _________ **तीसरा।**

   नोट:
   - अभ्यास VINBAX-2022 का विषय: यूनाइटेड नेशंस कंटिंजेंट फॉर पीसकीपिंग ऑपरेशन के तहत एक इंजीनियर कंपनी तथा एक चिकित्सीय दल का नियोजन तथा तैनाती।
   - प्रमुख उद्देश्य: आपसी विश्वास तथा पारस्परिकता को मजबूत करना।
   - VINBAX का अगला संस्करण 2023 में वियतनाम में आयोजित किया जाएगा।

4. भारत तथा किस देश की नौसेनाओं के बीच मैरीटाइम पार्टनरशिप एक्सरसाइज (MPX) समाप्त हुआ _________ **ऑस्ट्रेलिया।**

   नोट:
   - भारतीय नौसेना तथा रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के बीच सबल नौसेना संपर्क तथा पारस्परिकता की पुष्टि करते हुए INS सुमेधा ने अभ्यास में HMAS अंजैक के साथ भाग लिया।
   - MPX में हेलीकॉप्टरों की क्रॉस डेक लैंडिंग, सामरिक युद्धाभ्यास और फेयरवेल स्टीम पास्ट का अभ्यास हुआ।
   - भारतीय नौसेना के INS सुमेधा को भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में रोका गया था।

--------------0--------------

BYJU'S EXAM PREP

Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card